पत्रांक : PA/5701
दिनांक : 11.08.2022

सेवा में,

समस्त प्राचार्य/प्राचार्या/सचिव/निदेशक,
समस्त सम्बद्ध महाविद्यालय/संस्थान,
चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय,
मेरठ।

समस्त विभागाध्यक्ष/समन्वयक/निदेशक,
चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय परिसर,
मेरठ।

विषयः– "आजादी का अमृत महोत्सव" एवं दिनांक 11 अगस्त, 2022 से 17 अगस्त, 2022 स्वतंत्रता सप्ताह के मध्य " हर घर तिरंगा" मनाये जाने के सम्बन्ध में।

महोदय/महोदया,

कृपया अपर विशेष सचिव, उच्च शिक्षा अनुभाग–3, उत्तर प्रदेश, लखनऊ के संलग्न पत्र संख्या–2137/सत्तर–3–2022 दिनांक 04.08.2022 का संदर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें, जिसके द्वारा "आजादी का अमृत महोत्सव" एवं दिनांक 11 अगस्त, 2022 से 17 अगस्त, 2022 स्वतंत्रता सप्ताह के मध्य " हर घर तिरंगा" मनाये जाने के सम्बन्ध में निर्देशित किया गया है।

उक्त के क्रम में अपर मुख्य सचिव, उच्च शिक्षा अनुभाग–3, उत्तर प्रदेश, लखनऊ के संलग्न पत्र एवं मा0 कुलपति जी के आदेशानुसार आपसे अपेक्षा की जाती है कि आप अपने–अपने महाविद्यालय/संस्थान/विभाग में शासन के पत्र के आलोक में उपरोक्त कार्यक्रम का आयोजन कराना सुनिश्चित करें।

संलग्नकः– यथोपरि।

भवदीय,
11-08-2022
समन्वयक
साहित्यि–सांस्कृतिक परिषद,

प्रतिलिपि :–

01. सचिव कुलपति को मा0 कुलपति जी के सूचनार्थ।
02. प्रति–कुलपति, चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय,मेरठ।
03 क्षेत्रीय उच्च शिक्षा अधिकारी,मेरठ।
04. कुलसचिव, चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय,मेरठ।
04. समन्वयक, एन0एस0एस0, चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय,मेरठ।
05. विश्वविद्यालय, प्रेस प्रवक्ता।
06. प्रभारी, वेबसाइट

समन्वयक
साहित्यि–सांस्कृतिक परिषद,

Ve S-263
10/8

शीर्षप्राथमिकता

संख्या-2137 / सत्तर-3-2022

e 3027

प्रेषक,

गिरिजेश कुमार त्यागी,
विशेष सचिव,
उत्तर प्रदेश शासन।

सेवा में,

1. निदेशक,
उच्च शिक्षा, उ0प्र0,
प्रयागराज।

2. कुलसचिव,
समस्त राज्य/निजी विश्वविद्यालय,
उ0प्र0।

उच्च शिक्षा अनुभाग-3

लखनऊ : दिनांक 04 अगस्त, 2022

विषयः- "आजादी का अमृत महोत्सव" एवं दिनांक 11 अगस्त, 2022 से 17 अगस्त, 2022 स्वतंत्रता सप्ताह के मध्य "हर घर तिरंगा" मनाये जाने के सम्बन्ध में।

महोदय,

उपर्युक्त विषयक शासन के पत्र सं0-930/सत्तर-3-2022, दिनांक 07.04.2022, पत्र सं0-1055/सत्तर-3-2022, दिनांक 21.04.2022, पत्र सं0-1890/सत्तर-3-2022, दिनांक 13.07.2022 तथा पत्र सं0-1895 /सत्तर-3-2022, दिनांक 13.07.2022 का कृपया संदर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें, जिसके माध्यम से से "आजादी का अमृत महोत्सव" की श्रृंखला में अप्रैल, 2022 से अगस्त, 2023 तक सुझवात्मक कार्य-योजना/वार्षिक कैलेन्डर संलग्नकर प्रेषित करते हुए आजादी की 75वीं वर्षगांठ के अवसर पर उच्च शिक्षण संस्थानों में कार्य-योजना में उल्लिखिति तिथियों के अनुरूप कार्यकम आयोजित किये जाने के निर्देश दिये गये है।

2- आपके द्वारा उपलब्ध कराई गई सूचना के अनुसार अब तक "आजादी का अमृत महोत्सव" के श्रृंखला के अन्तर्गत प्रदेश के 47 विश्वविद्यालयों तथा 7350 महाविद्यालयों द्वारा 02 मार्च, 2021 से अब तक कुल 30 राष्ट्रीय/अन्तर्राष्ट्रीय दिवसों पर स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों, महापुरुषों, राष्ट्रीय आन्दोलन के अर्न्तनिहित मूल्यों तथा प्रमुख घटनाओं पर आधारित कार्यकमों का आयोजन करते हुए स्वतंत्रता संग्राम से सम्बन्धित निबन्ध लेखन, पेन्टिंग, पोस्टर, भाषण, राष्ट्रवादी काव्य पाठ, क्विज प्रतियोगिता आदि का आयोजन करके स्वतंत्रता संग्राम के अतिरिक्त पर्यावरण संरक्षण, जल संरक्षण, कला एवं संस्कृति के संरक्षण से सम्बन्धित जानकारी उपलब्ध करायी गयी। उक्त कार्यकमों में 50 लाख से अधिक छात्रों एवं शिक्षकों द्वारा प्रतिभाग किया गया।

उक्त के अतिरिक्त लगभग 32386 छात्र-छात्राओं को स्वतंत्रता संग्राम से सम्बन्धित 20 स्थानीय स्थलों जैसे :- लखनऊ स्थित काकोरी शहीद स्मारक, चौरी चौरा, शहीद स्मारक बलिया, शहीद स्मारक एवं स्वतंत्रता संग्राम संग्रहालय, मेरठ तथा झांसी का किला आदि का भ्रमण कराकर महत्वपूर्ण घटनाओं की जानकरी उपलब्ध करायी गयी।

बी0एड0 के 19820 प्रशिक्षणार्थियों द्वारा स्वतंत्रता आन्दोलन पर आधारित प्रोजेक्ट वर्क किये जा रहे हैं। स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों से सम्बन्धित 80 शोध कार्य विश्वविद्यालय के शिक्षकों एवं छात्रों द्वारा किये गये हैं तथा इस सम्बन्ध में 20 पुस्तकों का प्रकाशन किया गया है।

संस्कृत को छात्रों के लिए एक समृद्ध विकल्प के रूप में पेश करने के उद्देश्य से सम्पूर्णानन्द संस्कृत विश्वविद्यालय के सहयोग से संस्कृत का एक ऑनलाईन प्रशिक्षण कार्यकम शुरू किया जा रहा है। इसमें ज्योतिष, कर्मकाण्ड, वास्तुशास्त्र की जानकारी दी जाएगी और अर्चक पुरोहित तैयार किए जाएंगे।

3– इस कम में शासनादेश संख्या– 1895/सत्तर–3–2022, दिनांक 13.07.2022, द्वारा "आजादी का अमृत महोत्सव" के अन्तर्गत दिनांक 11 अगस्त से 17 अगस्त, 2022 स्वतंत्रता सप्ताह के मध्य "हर घर तिरंगा" कार्यकम के अन्तर्गत कार्ययोजना के अनुसार कार्यवाही किये जाने के निर्देश दिये गये हैं। तद्नुसार अनुरोध है कि "आजादी का अमृत महोत्सव" के अन्तर्गत दिनांक 11 अगस्त से 17 अगस्त, 2022 स्वतंत्रता सप्ताह के मध्य व्यक्तिगत ध्यान देते हुए निम्नानुसार कार्यवाही सुनिश्चित की जाय :–

- दिनांक 11 अगस्त को तिरंगे के सफर पर आधारित प्रदर्शनी का आयोजन किया जाए।
- 14 अगस्त, 2022 को विश्वविद्यालयों में विभाजन विभीषिका से संबंधित अभिलेखों प्रदर्शनी लगाई जाए एवं सेमिनार आयोजित किए जायें, कालेजों में देश की एकता एवं अखण्डता पर आधारित फिल्मों/डाक्यूमेन्ट्री दिखायी जाए।
- 13 से 15 अगस्त के मध्य एन0एस0एस0 द्वारा विभिन्न जनपदों में तिरंगा यात्रायें आयोजित करके देश–प्रदेश की उपलब्धियों के विषय में जागरूकता अभियान चलाया जाए।

4– इस सम्बन्ध में मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि प्रदेश स्थित उच्च शिक्षण संस्थानों में दिनांक 11 अगस्त से 17 अगस्त, 2022 स्वतंत्रता सप्ताह के मध्य "हर घर तिरंगा" कार्यकम को सफल बनाने हेतु उपरोक्तानुसार कार्यवाही सुनिश्चित किया जाय तथा उक्त कार्यक्रम में किसी प्रकार की शिथिलता न बरती जाय। साथ ही यह भी निर्देशित किया जाता है कि आजादी के अमृत महोत्सव, स्वतंत्रता सप्ताह तथा "हर घर तिरंगा" के सम्बन्ध में पूर्व निर्गत शासनादेशों में दिये गये निर्देशानुसार प्रभावी कार्यवाही सुनिश्चित करने का कष्ट करें।

भवदीय,

**( गिरिजेश कुमार त्यागी )**
विशेष सचिव।

**संख्या–2137(1)/सत्तर–3–2022, तद्दिनांक।**

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित :–

(1) निजी सचिव, मा0 मंत्री, उच्च शिक्षा विभाग, उ0प्र0 शासन।

(2) निजी सचिव, मा0 राज्यमंत्री, उच्च शिक्षा विभाग, उ0प्र0 शासन।

(3) कुलपति, समस्त राज्य/निजी विश्वविद्यालय, उ0प्र0।

(4) समस्त क्षेत्रीय उच्च शिक्षा अधिकारी, उ0प्र0।

आज्ञा से,

**( हरेन्द्र कुमार सिंह )**
उप सचिव।